Publication	Punjab Kesari
Edition	Gurgaon
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	03
Date	15th May 2019

पंजाब केसरी

हाईस्पीड रेल का पहला साइट कार्यालय शुरू, आर्थिक कॉरिडोर को मिलेगी गति

गुड़गांव, 15 मई (ब्यूरो): औसतन डेढ़ सौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हाईस्पीड रेल के पहले कार्यालय का शुभारंभ गुड़गांव में हो गया है। इसी के साथ औद्यौगिक क्षेत्रों सहित नए आर्थिक कॉरिडोर को नई गति मिलने की संभावनाएं जमीन पर उतरती दिखाई देने लगी है। बेहतर सार्वजनिक परिवहन प्रणाली आर्थिक के साथ ही सामाजिक रुपांतरण में बेहद कारगर साबित होगा जो कि सिर्फ गुड़गांव ही नहीं बल्कि हरियाणा और राजस्थान के बड़े हिस्से को त्वरित गति से राष्ट्रीय राजधानी को जोड़ेगा। एनसीआरटीसी का आरआरटीएस प्रोजेक्ट ने समय सीमा के भीतर इसे पूरा करने के लिए दूसरा चरण शुरु कर दिया है। गुड़गांव से होते हुए दिल्ली गुड़गांव शाहजहांपुर नीमराणा बहरोर शहरी कॉरिडोर का निर्माण किया जाना है जिसके दूसरे चरण की शुरुआत कर दी गई है। पहले चरण में एनसीआरटीसी भूमि परीक्षण, यूटिलिटी डायवर्जन आदि का कार्य कर रहा है, जबकि पाइल लोडिंग टेस्ट को जून में शुरु कर दिया जाएगा। इसके तहत हाईस्पीड रेल के खंभों को खड़ा करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी। इस पूरे प्रोजेक्ट को लेकर इसके अधिकृत कार्यालय ने सेक्टर 15 में कार्य करना शुरु कर दिया है। जो कि मुख्य प्रोजेक्ट प्रबंधक कार्यालय के तौर पर कार्य करेगा। यह कॉरिडोर दिल्ली-गुड़गांव-अलवर कॉरिडोर के हिस्से के तौर पर कार्य करेगा जो कि दिल्ली के सराय काले खां से शाहजहांपुर बहरोर की दूरी महज 70 मिनट में पूरा करेगा।

एनसीआरटीसी की ओर से चलाई जाने वाली हाईस्पीड रेल का मॉडल चित्र।